आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 10.08.2024

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को तिमोर लेस्ते के सबसे बडे नागरिक सम्मान ग्रेंड कॉलर ऑफ ऑर्डर से सम्मानित किया गया।
- महिला एवं बाल विकास मंत्री मंत्री रेखा आर्या ने केंद्रीय मंत्री अनुपूर्णा देवी से आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि का आग्रह किया।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा– प्राचीन चारधाम यात्रा मार्गों को विकसित करने से राज्य में ट्रैकिंग पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- राजधानी देहरादून, टिहरी और बागेश्वर में भारी से भारी बारिश की चेतावनी।

ग्रेंड कॉलर ऑफ ऑर्डर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को तिमोर लेस्ते के सबसे बडे नागरिक सम्मान ग्रेंड कॉलर ऑफ ऑर्डर से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति जोसे रामोस होर्ता ने डिलि में राष्ट्रपति पैलेस में उन्हें ये सम्मान प्रदान किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों ने आपसी सहयोग पर तीन समझौता ज्ञापन किए।

केंद्रीय मंत्री अनुपूर्णा देवी

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अनुपूर्णा देवी ने आज सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में उत्तराखंड की महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या भी शामिल हुई।

बैठक में श्रीमती आर्या ने केंद्रीय मंत्री से आंगनबाड़ी बहनों के प्रशिक्षण के वित्तीय मानक में बढ़ोतरी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने राज्य की उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में संचालित आंगनवाड़ी भवनों की निर्माण लागत को बढ़ाने और अनुपूरक पोषाहार की धनराशि में बढ़ोतरी का अनुरोध किया।

इस दौरान श्रीमती आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अपनी मातृशक्ति को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने और नौनिहालों के सर्वांगीण विकास करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

''शी फॉर स्टेम'

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि आज विश्व में स्टेम के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य स्टेम के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि दुनिया के वह देश लगातार आगे बढ़ रहे हैं जिन्होंने स्टेम शिक्षा के ऊपर ध्यान दिया है। राज्यपाल ने आज देहरादून के झाझरा स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र में ''शी फॉर स्टेम'' के शुभारंभ अवसर पर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि स्टेम के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी

महिलाओं की स्थिति को मज़बूत और प्रभावशाली बनाएगी, जिससे समाज में उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। राज्यपाल ने कहा कि नवाचार और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भविष्य में देश की उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश है। इसीलिए देश महिलाओं को स्टेम में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ''शी फॉर स्टेम'' के माध्यम से प्रदेश में ऐसा वातावरण तैयार करें, जहां महिलाएं और बालिकाएं स्टेम के क्षेत्र में नवाचार, उद्यमिता और परिवर्तन की मिसाल बनें। इस अवसर पर राज्यपाल ने आंचलिक विज्ञान केंद्र में डिजिटल लाइब्रेरी, स्टेम डैशबोर्ड और लैब ऑन व्हील परियोजना के डैशबोर्ड का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्टेम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही पांच महिलाओं को सम्मानित किया।

## नगर निकाय चुनाव

राज्य में नगर निकायों के चुनाव अक्तूबर के आखिरी सप्ताह में होंगे। सरकार ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। ओबीसी आरक्षण से लेकर निकायों के परिसीमन आदि की सभी तैयारियां 15 सितंबर से पहले पूरी कर ली जाएंगी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेज दिया जाएगा। प्रदेश में नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों का कार्यकाल पिछले साल दो दिसंबर को पूरा हो गया था। 15 सितंबर तक ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए नियमावली आदि का काम पूरा होगा। निकायों का परिसीमन, वोटर लिस्ट का काम भी तब तक पूरा करने की समय सीमा रखी गई है।

## हर घर तिरंगा अभियान

देशभर में कल से शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 13 अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे। यह अभियान वर्ष 2022 में शुरू किया गया था।

''हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत कल से प्रदेश के विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा व अन्य गतिविधियों के माध्यम से लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इसके लिए सरकार ने विशेष तैयारियां की हैं। नैनीताल में भी यह अभियान जोर पकड़ने लगा है। अभियान का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को जन–जन तक पहुंचाना और लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के प्रति जागरूक करना है।

## प्राचीन पैदल यात्रा मार्ग

प्रदेश के प्राचीन चार धाम पैदल मार्गों का सरकार पुनर्विकास करेगी। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने यह जानकारी दी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्राचीन मार्गों को विकसित करने से राज्य में ट्रैकिंग पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। श्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड की प्राचीन चार धाम पैदल यात्रा 5 हजार 1 सौ 20 साल पुरानी है। योजना के तहत यात्रा मार्ग पर पगडंडियों और पड़ावों की खोज का काम शुरू कर दिया गया है। इस योजना के लागू होने से प्राचीन मार्ग पर स्थित पर्यटक स्थल, तीर्थ स्थल, मठ और मंदिर फिर से आबाद हो सकेंगे, जिससे राज्य में देशी–विदेशी पर्यटकों की आमद और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना राज्य में स्वरोजगार और पलायन को रोकने में काफी मददगार साबित होगी। इसके अलावा उन्होंने बदरीनाथ और केदारनाथ के बीच रावल ट्रेक, नीति माणा ट्रेक और अन्य रास्तों को भी योजनाबद्ध तरीके से खोलने की बात कही है।

साइबर अपराध

राज्य में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर सरकार और प्रशासन सतर्क हो गया है। इसके लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स– एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि साइबर ठग विभिन्न माध्यमों से लोगों को ठग रहे हैं। उन्होंने साइबर ठगी का शिकार होने पर साइबर हेल्पलाइन – एक नौ तीन शून्य पर संपर्क करने को कहा है, ताकि समय पर उसका समाधान किया जा सके।

भारत भ्रमण

उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण करवाया जाएगा। इसके लिए टिहरी जिले के देवप्रयाग विधानसभा के 100 छात्रों के दल को चिन्हित किया गया है। देवप्रयाग से भाजपा विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि 18 से 22 सितंबर के बीच छात्रों को भारत भ्रमण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे हर साल अपनी विधानसभा के मेधावी छात्रों को भारत दर्शन कार्यक्रम पर ले जाते हैं।

एक पेड़ मां के नाम

चम्पावत जिले के सशस्त्र सीमा बल पंचम वाहिनी मुख्यालय परिसर में आज ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमांडेंट अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वाहिनी के बलकर्मी, केन्द्रीय विघालय के छात्र– छात्राओं और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

केदारनाथ पैदल मार्ग

केदारनाथ पैदल मार्ग को जल्द सुचारू किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने आज देहरादून में पत्रकारों को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को भारी बारिश और भूस्खलन के चलते क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि मार्गों की मरम्मत के कार्य में लोकनिर्माण विभाग सहित कई एजेंसियां लगी हुई है। श्री महाराज ने कहा कि मार्ग के सुचारू होते ही पैदल यात्रा को फिर से शुरू किया जाएगा।

मौसम

टिहरी, देहरादून और बागेश्वर में आज भारी से भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश जिलों में 14 अगस्त तक बारिश के आसार बने हुए हैं। विभाग का कहना है कि इस दौरान राज्य में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने और भारी बारिश की संभावना है। इस बीच, राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में दोपहर बाद से रुक–रुककर बारिश का दौर जारी है। बागेश्वर से हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बताया जिले के हिमालयी गांवों में देर रात से रुकरुक कर बारिश हो रही है। बारिश और भूस्खलन के चलते जिले में चार सड़कें आवागन के लिए बंद हैं। लगातार हो रही बारिश से जिले में बिजली, पानी और संचार सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। जिले में बारिश से काफी नुकसान हुआ है, जिसका आकलन करने में जिला प्रशाासन जुटा हुआ है।

जलभराव

उधमसिंह नगर के रुद्रपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने नदी–नालों में सफाई अभियान शुरू कर दिया है। इसके लिए बनरसिया नदी में जमा सिल्ट और कबाड़ को निकालने के लिए पोकलैंड मशीन की मदद ली जा रही है। साथ ही नदी के चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया है। रुद्रपुर सिचाई खंड के अधिशासी अभियंता प्रकाश चंद्र पांडेय ने बताया की नदी के चौड़ीकरण करने से पानी का बहाव सुगमता से होगा और जल भराव की स्थिति से निपटा जा सकेगा।